we win

WWL/CS/2023/128

Date: 14th August, 2023

| National Stock Exchange of India Limited | BSE Limited |
|---|---|
| Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,<br>Bandra- Kurla Complex, Bandra (E)<br>Mumbai-400051<br>**NSE Symbol: WEWIN** | Floor 25, P.J Towers, Dalal Street, Fort,<br>Mumbai- 400001<br>**BSE Scrip Code: 543535** |

**Sub: - Newspaper clippings of Un-audited Financial Results for the quarter ended 30th June 2023.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47(3) of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are hereby submitting the copy of newspaper clippings of Extract of Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June 2023 published in the newspaper on 12th and 13th August 2023 respectively.

Kindly take the above on record and oblige.

Thanking you,
Yours faithfully,

**For We Win Limited**

WE WIN LIMITED BHOPAL

Ashish Soni Digitally signed by Ashish Soni Date: 2023.08.14 11:01:13 +05'30'

**Ashish Soni**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As above

**We Win Limited**
www.wewinlimited.com
(CIN: L74999MP2007PLC019623)
206-207, 2nd Floor, Corportate Zone C-21 Mall,
Hoshangabad Road, Misrod,
Bhopal - 462047, Madhya Pradesh, India
Phone: +91 755 4278897,
Email: contact@wewinlimited.com

## संत शिरोमणि रविदास स्मारक का शिलान्यास

# संत रविदास की विरासत संभालने का अवसर मिला : मोदी

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सागर आए। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर लिखा, यह हमारा सौभाग्य रहा है कि हमें सौहार्दपूर्ण और समृद्ध समाज की प्रेरणा देने वाले संत रविदास जी की विरासत को संजोने और संवारने का अवसर मिला है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश की अपनी यात्रा के दौरान सागर और धाना में उनके स्मारक स्थलों के निर्माण से जुड़े कार्यक्रमों में हिस्सा लूंगा। इसके अलावा राज्य की कई विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का भी सुअवसर मिलेगा।

पिछले पांच महीने में मध्यप्रदेश में ये उनका ये 5वां कार्यक्रम है। मोदी यहां संत रविदास स्मारक स्थल का भूमिपूजन करेंगे। इस इवेंट को भाजपा ने प्रदेश की 54 विधानसभा सीटों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया है। इनमें 35 सीटें अनुसूचित जाति के लिए हैं। बाकी 19 सीटें सामान्य हैं, लेकिन इन पर दलित वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। पिछले 6 विधानसभा चुनावों पर नजर दौड़ाएं तो इन सीटों पर भाजपा की मजबूत पकड़ दिखती है, लेकिन जैसे ही दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की तरफ हुआ, भाजपा सत्ता से बाहर हो गई। प्रदेश में करीब 16 प्रतिशत दलित वोटर हैं। पिछली बार इन रिजर्व सीटों में कांग्रेस-भाजपा में कांटे की टक्कर देखने को मिली थी।

सागर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने की खास वजह है। प्रधानमंत्री के आने का मुख्य मकसद संत रविदास के भव्य स्मारक का भूमिपूजन करना है, लेकिन सागर बुंदेलखंड का सेंटर पॉइंट भी माना जाता है। बुंदेलखंड में कुल 26 सीटें हैं। यहां सबसे अधिक दलित वोटर हैं। उज्जैन-इंदौर के अलावा सागर ही ऐसा जिला है, जहां 5 लाख से अधिक दलित वोटर हैं। बुंदेलखंड से ही दलितों के साथ भेदभाव की सबसे ज्यादा खबरें आती हैं। बीजेपी को पता है कि सत्ता में लौटना है, तो दलित वोटरों को साधे बिना ये मुमकिन नहीं होने वाला है।

### दलित वोटरों में जाटव, मोची और सतनामी की संख्या 47 प्रतिशत

प्रदेश में वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार अनुसूचित जाति की आबादी 1.13 करोड़ से अधिक है। इसमें भी जाटव, मोची और सतनामी की संख्या 47 प्रतिशत से अधिक हैं। इंदौर, उज्जैन और सागर जिले में पांच लाख से अधिक आबादी स्ट की है। मुरैना और छतरपुर में चार लाख से अधिक और उज्जैन, दतिया, टीकमगढ़ में कुल आबादी का 25 प्रतिशत स्ट वर्ग से हैं। शाजापुर, उमरिया, अनूपपुर, भोपाल व शहडोल में भी स्ट वोटर प्रभावी भूमिका में हैं। प्रदेश में 35 रिजर्व सहित 54 सीटों पर भी दलित वोटर निर्णायक हैं। ये संख्या किसी को भी सत्ता में लाने या बाहर करने के लिए पर्याप्त है। यही कारण है कि क्ष्छ्क स्ट वोटरों पर बड़ा फोकस कर रही है। नरेंद्र मोदी सागर में 1580 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली दो सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। 2475 करोड़ से अधिक की लागत वाली बीना-कोटा रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण करेंगे। ये रेलवे लाइन स्क्क के गुना, अशोकनगर और सागर से होकर राजस्थान के कोटा और बारां जिलों को जोड़ेगी। वहीं, 100 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास स्मारक का शिलान्यास करेंगे। वे सबसे पहले दोपहर में रविदास स्मारक स्थल पर भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद धाना में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे।

## सागर पहुंची समरसता यात्रा

समरसता यात्रा सागर पहुंच गई, इसमे कई लोग शामिल है। नीमच, मांडव जिला धार, श्योपुर, बालाघाट एवं सिंगरौली से एक साथ 25 जुलाई को प्रारंभ हुई यात्राएं 12 अगस्त तक प्रदेश के हर गांव से मिट्टी एवं सभी विकासखण्डों की 313 नदियों से जल का सांकेतिक संग्रहण एवं जनजागरण करते हुए आज सागर पहुंचीं।

### मंदिर के पास गैलरी में दिखेगा संत रविदास का जीवन

सागर जिले में बनने वाले संत रविदास के मंदिर के पास चार गैलरी भी बनेंगी। जिसके अंदर संत रविदास के जीवन से जुड़ी हर बात को प्रस्तुत किया जाएगा। इन गैलरी में संत रविदास के विचारों सहित भक्ति आंदोलन में उनकी भूमिका की भी दशायज़ जाएगा।




### तीन किलोमीटर के क्षेत्र में ड्रोन पर प्रतिबंध

सागर कलेक्टर दीपक आर्य ने बड़तूमा एवं ढाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम के दृष्टिगत दंड प्रकिया सहिता की धारा 144 के अंतर्गत बड़तूमा, ढाना एवं आस पास के तीन किमी के क्षेत्र में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हाट बैलून एवं अन्य फ्लाइंग आब्जेक्ट पर प्रतिबंध लगाया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा कानून व्यवस्था एवं विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा के दृष्टिगत यह आदेश दिया गया है। आदेश 11 अगस्त से प्रभावशील किया गया है। इस क्षेत्र को रेड जोन/ नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है।

### संत रविदास जी सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे : शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल ट्विट करकहा कि हमारा सौभाग्य है कि कल आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सागर के बड़तूमा में संत रविदास मंदिर एवं स्मारक का भूमिपूजन करेंगे। 100 करोड़ से अधिक की लागत से 12 एकड़ भूमि में आकार लेने वाले इस विशाल स्मारक में संग्रहालय, पुस्तकालय, संगत सभाखंड सहित अनेक संरचनाएं होंगी। मध्यप्रदेश सदैव से भारत की सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक चेतना का केंद्र रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि संत रविदास जी की शिक्षा एवं विचारों के लोकव्यापीकरण में यह प्रकल्प मील का पत्थर साबित होगा।

# छिंदवाड़ा के 150 से ज्यादा स्कूलों में नहीं हैं टीचर, फिर भी गुणवत्ता में नंबर वन

सच संवाददाता ॥ छिंदवाड़ा

भले ही छिंदवाड़ा जिले के करीब 150 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में शिक्षक नहीं है, लेकिन फिर भी गुणवत्ता के मामले में नंबर वन है। स्कूलों में शिक्षकों की मांग और बुनियादी सुविधाओं की दरकार के लिए बच्चों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना देकर रो-रोकर गुहार भी लगाई, लेकिन जब सरकारी आंकड़े आए तो छिंदवाड़ा जिले के सरकारी स्कूल प्रारंभिक शिक्षा में मध्यप्रदेश में अव्वल घोषित किए गए हैं। कलेक्टर कार्यालय के सामने चीख चीखकर सिसकियां भरते ये बच्चे हकीकत बताने के लिए काफी है।

शिक्षा विभाग छिंदवाड़ा के आंकड़ों की बात करें तो पहली से 8वीं क्लास में 15 जून 2023 तक जिले के 172 स्कूलों में एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं था, तो वहीं 411 सरकारी स्कूलों में सिर्फ एक एक शिक्षक पदस्थ है, लेकिन इसके बाद भी प्रारंभिक शिक्षा में राज्य स्तर से सभी जिलों की ग्रेडिंग सूची जारी की गई। जिसमें छिंदवाड़ा जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छिंदवाड़ा जिले की बुनियादी शिक्षा के स्तर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले महीने अमरवाड़ा विकासखंड के कहुआ गांव से स्कूल में शिक्षक नहीं होने और जर्जर बिल्डिंग की शिकायत को लेकर 100 किलोमीटर का पैदल सफर कर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे और स्कूलों में शिक्षक पदस्थ करने की मांग की थी। इसके अलावा पांढुर्ना विकासखंड के काराघाट कामठी के स्कूल में पढ़ने वाली बेटियों ने मामा शिवराज सिंह चौहान से कलेक्टर कार्यालय के सामने चीख-चीख कर रोते हुए अपना भविष्य संवारने के लिए स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की। इतना ही नहीं जुन्नारदेव विकासखंड के चिकटवर्री गांव की कन्हान नदी में पुल नहीं होने की वजह से गांव के स्कूली बच्चे तीन से चार महीने स्कूल नहीं जा पाते, यह तो वो स्कूल है जो अपने अधिकार के लिए कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचे, लेकिन छिंदवाड़ा जिले के 172 ऐसे स्कूल हैं। जिनमें शिक्षक ही नहीं है और 411 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें सिर्फ एक शिक्षक है। भले ही सरकार आदिवासियों के विकास का दम भर रही है और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी इनके उत्थान के लिए काम करने की बात कहती हो, लेकिन सबसे प्रमुख शिक्षा की अगर बात करें तो छिंदवाड़ा जिले के आदिवासी विकासखंड जुन्नारदेव हर्रई और तामिया में ही शिक्षकों की कमी है। इन्हीं विकासखंड के स्कूली बच्चे और ग्रामीण भी कलेक्टर के सामने कई बार गुहार लगा चुके हैं। साल 2023 के विधानसभा चुनाव में भी सरकार बनाने के लिए दोनों दल आदिवासियों को ही सत्ता की चाबी मानकर चल रहे हैं।

जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक जगदीश कुमरा इड़पाचे ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा में राज्य स्तर से सभी जिलों की ग्रेडिंग सूची जारी की गई। जिसमें छिंदवाड़ा जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा समग्र शिक्षा अभियान में जिलों की नामांकन एवं ठहराव, सीखने के प्रतिफल एवं गुणवत्ता, शिक्षक का व्यवसायिक विकास, सहभागिता, अघोसंरचना एवं सुविधाएं, शासकीय प्रक्रिया एवं वित्तीय प्रबंधन, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम आदि बिन्दुओं पर समीक्षा कर ग्रेडिंग की गई।



**जिले के स्कूलों के हाल**

| ब्लॉक | शिक्षक वहीन स्कूल | सिंगल शिक्षक | स्कूल कुल |
|---|---|---|---|
| छिन्दवाड़ा | 02 | 08 | 10 |
| मोहखेड़ | 01 | 10 | 11 |
| परासिया | 03 | 26 | 29 |
| जुन्नारदेव | 63 | 84 | 147 |
| तामिया | 41 | 101 | 142 |
| सौंसर | 01 | 12 | 13 |
| बिछुआ | 01 | 12 | 13 |
| पांढुर्ना | 07 | 24 | 31 |
| अमरवाड़ा | 03 | 21 | 24 |
| हर्रई | 48 | 102 | 150 |
| चौरई | 02 | 11 | 13 |
| कुल | 172 | 411 | 583 |

# फर्जी नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता निरस्त लेकिन प्रबंधन पर नहीं हुई कार्रवाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल ने फर्जी फैकल्टी वाले 19 नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता निरस्त कर दी लेकिन प्रबंधन पर इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मान्यता रद्द होने पर इन कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य दांव पर लग गया लेकिन इसके लिए जिम्मेदार कॉलेज प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया है। छात्र नेता रवि परमार के नेतृत्व में एनएसयूआई ने सहायक पुलिस आयुक्त और नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपकर फर्जी नर्सिंग कॉलेजों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। एनएसयूआई का कहना है कि मध्यप्रदेश के जिन नर्सिंग कालेजों ने फर्जी फैकल्टी लगाकर मान्यता प्राप्त की थी उन कालेज संचालकों पर तत्काल एफआईआर दर्ज किया जाए। परमार ने तर्क दिया कि मध्यप्रदेश में जिन कालेज संचालकों ने फर्जी फैकल्टी लगाकर मान्यता प्राप्त की थी वो सभी दोषी हैं क्योंकि उन्हें मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के साथ भी धोखाधड़ी की हैं और उनकी वजह से हजारों छात्र छात्राओं का भविष्य अधर में लटक चुका हैं। परमार ने मांग करते हुए कहा कि फर्जी फैकल्टी वाले नर्सिंग कालेजों के छात्र छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी छात्र छात्राओं को नियम अनुसार दूसरे कालेज में ट्रांसफर करवाया जाए जिससे छात्र छात्राओं के भविष्य सुरक्षित रहें। छात्र नेता ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द इन फर्जी कॉलेज संचालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो एनएसयूआई चरणबद्ध तरीके से प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी।

# माझी समाज के आयोजन में सिंधिया ने संभाली राम दरबार वाली पतवार

सच संवाददाता ॥ ग्वालियर



विधानसभा चुनाव नजदीक है, ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां और राजनेता अपनी पकड़ बनाने के लिए हर दाव अजमाने में लगे हुए हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया भी पीछे नहीं हैं, जिसके चलते सिंधिया मांझी समाज के एक कार्यक्रम में ना सिर्फ शामिल हुए, बल्कि मांझी समाज के प्रतीक चिन्ह माने जाने वाले नौका और पतवार को भी थामा, फिलहाल इसे बीजेपी के समाज समेटो प्वाइंट से भी जोड़ा जा रहा है। फिलहाल कार्यक्रम में भाषण देते हुए सिंधिया से मंच से नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह के बयान पर पलटवार किया है, इसके अलावा सिंधिया के कार्यक्रम में शामिल होने आईं डॉग एंड एनिमल सोसायटी ग्वालियर की कुछ महिलाएं ने आरोप लगाया है कि सिंधिया से बातचीत के दौरान कार्यक्रम के आयोजकों ने उनके साथ अभद्रता की है। फिलहाल आयोजकों द्वारा माफी मांगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह के बयान पर पलटवार किया है। सिंधिया ने कहा है कि पुरानी कहावत है जो लोग कांच घर में रहते हैं, उन्हें दूसरों के घर में पत्थर नहीं फेंकना चाहिए। 15 महीने की सरकार जनता ने देख ली, झूठे वादे किए थे। जनता के साथ वादाखिलाफी की थी, विश्वास घात किया था। इन विश्वासघातीयों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। गौरतलब है कि प्रदेश के भिंड जिले के लहार दौरे पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पहुंचने से पहले नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह ने तंज कसते हुए एक वीडियो जारी किया था। वीडियो में गोविंद सिंह ने कहा था कि लहार दौरे पर आ रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री सिंधिया का मैं स्वागत करता हूं, लेकिन मेरी अपील है शिवराज जो घोषणा करें, वह असत्य घोषणा ना करें। झूठी घोषणा नहीं करें, ना हीं असत्य शिलान्यास करें। आज सागर ताल पर मांझी समाज द्वारा संवाद कार्यक्रम का आयोजन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिराज सिंधिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे, यहां उन्होंने लोगों से बातचीत कर उनके प्रश्नों का उत्तर दिया और उनकी परेशानियों को भी समझा।

## मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल

# रीवा में 600 परिवारों को मिलेगा अधिग्रहित पुश्तैनी जमीन का कब्जा

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल



राज्य शासन ने रीवा में शहर के लगभग 600 परिवार को 40 साल बाद उनके पुश्तैनी भूमि / भवन पर मालिकाना हक सौंपे जाने के आदेश जारी किए है। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने इस संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा पर अमल करते हुए अधिसूचना भी जारी कर दी है।

उल्लेखनीय है कि आज से लगभग 40 वर्ष पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा ने योजना क्रमांक 6 के अमल हेतु शहर की भूमि अधिग्रहित की थी, किंतु कालांतर में पूरी योजना पर अमल न होने के कारण बची हुई 32 एकड़ भूमि लौटाये जाने की मांग को लेकर भूमि स्वामी लगातार संघर्षरत थे। इस संबंध में पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ले ने उनकी पीड़ा को समझते हुए लगातार प्रयास करते रहे।

श्री शुक्ले की पहल पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जमीन लौटा जाने की घोषणा रीवा के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में की थी, जिसके परिपालन में विभाग ने आदेश जारी कर भूमि उपस्त्रहंत कर दी है। अधिग्रहित भूमि लौटाए जाने के संबंध में कोई स्पष्ट नियम ना होने के कारण मामले को मंत्रिपरिषद के समक्ष ले जाया गया तथा नए नियम बनाए गए जिसके परिपेक्ष में विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी किए है। सरकार के इस फैसले से रीवा के लगभग 600 परिवारों में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

## एमपी एग्रो में दलाली का मामला

# तीन दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल



वसूली के लिए दबाव बनाकर कंपनियों को धमकाने वाले खंडवा प्रबंधक का ऑडियो सामने आने के बाद भी एमपी एग्रो कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सच एक्सप्रेस में खबर छपने के बाद खंडवा के प्रबंधक जीतेंद्र कनाडे पर कार्रवाई को लेकर एमपी एग्रो के जीएम एके विधान से सवाल पूछा गया तो वे कोई उत्तर नहीं दे पाए। जांच प्रक्रिया को लेकर पूछे गए सवाल को भी वे टाल गए।इससे साफ जाहिर होता है ऑडियो कांड में अपनी गर्दन फंसती देख जिम्मेदार कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।

मालूम हो, मध्यप्रदेश स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के खंडवा-बुरहानपुर के जिला प्रबंधक जीतेंद्र कनाडे का महाराष्ट्र की कंपनी के मालिक से बीज खरीदने में सीधी दलाली खाने का ऑडियो सच एक्सप्रेस को मिला था जिसमें बीज खरीदी में कमीशनबाजी के राज उजागर हुए थे। ओडियो में खंडवा जिला प्रबंधक कंपनी के डायरेक्टर धर्मेश उजवने से कमीशन के हिस्से में लाइजनर सतीश जैन को हटाने की बात कह रहे हैं। ऑडियो में खंडवा प्रबंधक एमपी एग्रो के मुख्यालय में बैठे उच्च अधिकारियों को कमीशन का हिस्सा पहुंचाने की बात कहते साफ सुनाईदे रहेहैं। नाम न छापने की शर्त पर एमपी एग्रो के एक अधिकारी ने बताया कि खंडवा में जिसे प्रबंधक बनाया गया है, उस पद के लिए उसके पास कोई योग्यता नहीं है। उसे सिर्फ प्रभारी बनाया गया है।ऑडियो आने के बाद एमपी एग्रो के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं, वे नहीं चाहते कि इस पर कोई जांच प्रक्रिया शुरू हो।अगर जांच होती है तो यहां के बड़े अधिकारियों तक उसकी आंच आएगी। इस पूरे मामले में मंत्रालय से उद्यानिकी विभाग के मुखिया का भी फोन एमपी एग्रो के वरिष्ठ अधिकारियों के पास आ चुका है। इसलिए इस पूरे मामले को दबाया जा रहा है। कार्रवाई के डर से कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

**मैं अभी कुछ नहीं कह सकता इस मामले की मुझे जानकारी है, लेकिन अभी मैं कुछ नहीं कह सकता। जांच प्रक्रिया की बात है तो साहब से चर्चा के बाद ही कुछ बता पाएंगे। एके विधान जनरल मैनेजर, एमपी एग्रो**

we win

वी विन लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 206-207,दूसरी मंजिल,कॉर्पोरेट ज़ोन,सी-21 मॉल, होशंगाबाद रोड,मिसरोद,भोपाल(म.प्र.) 462047
फोन: +91 755 4278897 ईमेल: contact@wewinlimited.com वेबसाइट: : www.wewinlimited.com
सीआईएन: L74999MP2007PLC019623

30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन / समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(राशि लाख में)

| विवरण | स्टैंडअलोन | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
| | 30.06.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) |
| कुल आय | 1,406.61 | 1,374.06 | 1,158.79 | 4,910.47 | 1,406.61 | 1,374.06 | 1,158.79 | 4,910.47 |
| कर पूर्व शुद्ध लाभ | 88.69 | 120.37 | 104.33 | 341.17 | 88.69 | 120.37 | 104.33 | 341.17 |
| कर के बाद शुद्ध लाभ | 65.36 | 87.23 | 77.06 | 240.40 | 65.36 | 87.23 | 77.06 | 240.40 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय (इस अवधि के लिए लाभ/हानि (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल है) | 91.46 | 91.70 | 84.28 | 260.70 | 90.87 | 91.72 | 83.80 | 260.31 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 |
| रिजर्व (पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | 1,086.59 | - | - | - | 1,096.28 |
| प्रति शेयर आय (असाधारण मदों से पहले और बाद में) (अंकित मूल्य रु.10/शेयर) | | | | | | | | |
| (a) Basic | 0.90 | 0.90 | 0.83 | 2.57 | 0.89 | 0.90 | 0.83 | 2.57 |
| (b) Diluted | 0.90 | 0.90 | 0.83 | 2.57 | 0.89 | 0.90 | 0.83 | 2.57 |

टिप्पणी:
बैठक में विचार किया गया और अनुमोदित किया गया।
2. कंपनी मुख्य रूप से कॉल सेंटर और सपोर्ट सेंटर सेवाओं सहित ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) सेवाओं के कारोबार में लगी हुई है। कोई रिपोर्ट करने योग्य खंड नहीं है,जो अकेले या समग्र रूप से प्रासंगिक इंडस्ट्रीज एएस 108 "ऑपरेटिंग सेगमेंट" के प्रावधान के अनुसार अलग-अलग प्रकटीकरण के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं।
3. पिछली अवधि के आंकड़ों को,जहां आवश्यक हो, पुनर्समूहित या पुनर्वर्गीकृत किया गया है।
4. ये स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.wewinlimited.com पर भी उपलब्ध हैं।

स्थान : भोपाल
दिनांक: 11/08/2023

हस्ता./-
अभिषेक गुप्ता
डीआईएन: 01260263
अध्यक्ष
वी विन लिमिटेड

# SANT RAVIDAS WILL BLESS ME TO INAUGURATE HIS TEMPLE, SAYS PRIME MINISTER MODI

Modi performs ground-breaking ceremony for the Sant Ravidas Memorial and Art Gallery in Sagar. Sant Shiromani Shri Ravidas was a symbol of social harmony. Kota-Bina double rail line dedicated to people





**Team Absolute** | Bhopal

The Prime Minister Narendra Modi said that Saint Shri Ravidas was a symbol of social harmony. He eradicated social evils and awakened society. India is progressing on the path of liberation from the mental slavery, following the path shown by him. Sagar is experiencing social harmony today. The foundation stone for the Sant Ravidas Memorial and Art Gallery has been laid, which will be grand and divine. A new era of social harmony is beginning in Madhya Pradesh for which he congratulat the Chief Minister Chouhan and the people of the state.

Modi said that when it is completed in a year and a half, I will surely come for its inauguration. He was addressing a public gathering after after the ground-breaking ceremony of the Sant Shri Ravidas memorial and Art Gallery at Sagar district's Badtuma at Dhaana. The Prime Minister dedicated to people the Kota-Bina double rail line. He also laid the foundation stone for two road projects costing over Rs. 1580 crores.

The Prime Minister emphasized that the teachings of Sant Shri Ravidas Ji will inspire the new generation through this memorial site. The spirit of harmony will prevail here. He praised the efforts of collecting soil from around 20 thousand villages and nearly 300 rivers bringing it to Sagar for this project, saying that this initiative represents social harmony and unity. The Samrasata Yatras concluding today in fact marks the beginning of a new era.

Modi further explained that inspiration and progress go hand in hand, leading to beginning of a new era. Madhya Pradesh deserves praise for this. Madhya Pradesh is progressing fast. He said that Sant Shri Ravidas Ji was visionary. He was born in an era when the Mughal rule prevailed, and society was facing injustices. He worked for awakening of the society, fighting against evils, and guiding those entangled in caste distinctions. There were numerous constraints in society. He gave society a courage to fight.

Prime Minister said that Sant Ravidas Ji's thoughts are inspiring to eradicate poverty and hunger in contemporary times. During the pandemic, the government launched the Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana (PMGKAY) to provide free food to over 80 crore Indians who were vulnerable due to the pandemic.

He highlighted that the maximum beneficiaries of the schemes for the welfare of the poor in the country are the socially and economically marginalized, the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, and the downtrodden. He affirmed that the nation stands by them at every step of life, supporting their aspirations. He cited the example of the Pradhan Mantri Matru Vandana Yojana, which provides financial assistance of Rs. 6,000 to newborns and their mothers. The Ayushman Bharat Scheme ensures free healthcare for newborns and their vaccination. Efforts to control diseases, including sickle cell anemia have been launched. The government aims for a tuberculosis-free India by 2025. Similar work is being carried out to control other diseases that plague the marginalized and impoverished. The Pradhan Mantri Awas Yojana ensures housing for every poor person.

The Prime Minister said that the education facilities have been augmented by the establishment of 701 Eklavya Model Schools, provision of textbooks, mid-day meals for students, and the Sukanya Samriddhi Yojana for the empowerment of the girl child. Scholarships are provided to economically weaker sections for higher education, and the Mudra Yojana fosters self-reliance among the youth. The Stand-Up India scheme has already provided financial assistance to over 8 crore beneficiaries. The Jan Dhan Yojana is benefiting millions of people.

Modi reiterated that every poor person should have a house. For this, housing schemes and free electricity and water connections have been provided. The less fortunate sections of society are now standing on their own feet thanks to these initiatives.

The temple of Sant Ravidas will be constructed in Sagar at a cost of Rs 100 crore to be provided by the state government.

A Sangrahalay (museum) will also be constructed at the temple premises.

Meanwhile, Modi also launched some other development projects in poll-bound Madhya Pradesh, including the re-development of the Kota (Rajasthan)-Beena (Madhya Pradesh) railway line.

# 'Commission controversy': Congress, BJP trade barbs at each other



Bhopal: The alleged 'commission' controversy has also hit poll-bound Madhya Pradesh where both the Congress and BJP have accused each other of taking 'commissions' from the contractors.

Congress leader Arun Yadav posted a letter on his social media account claiming that a Gwalior-based contractor has written to Madhya Pradesh High Court and has alleged that after completing the government project, he has been forced to pay 50 per cent commission to reclaim his payment.

Congress General Secretary Priyanka Gandhi, who is leading the party's poll campaign in Madhya Pradesh, also wrote a long note on her social media account. "The Union of Contractors in Madhya Pradesh has written a letter to the Chief Justice of the High Court complaining that payment is received only after paying 50 per cent commission in the state," read Priyanka's message.

She further pointed out that the BJP government in Karnataka used to collect 40 per cent commission and that: "In Madhya Pradesh, BJP has gone ahead by breaking its own record of corruption. The people of Karnataka ousted the government with 40 per cent commission, now the people of Madhya Pradesh will remove the BJP government with 50 per cent commission from power."

MP BJP unit Chief Minister Shivraj Singh Chouhan, State Home Minister Narottam Mishra and the party's head for MP unit V. D. Sharma attacked Congress saying that the controversial letter is 'fake'.

V.D. Sharma warned of action against Congress General Secretary Priyanka Gandhi over her allegations.

MP Home Minister Narottam Mishra also responded to the allegations and accused Congress of playing politics "with a disgusting mentality" without any issue.

"This is a conspiracy and BJP will take action for this tweet under cybercrime...She will have to tell from where did she get this letter. You (Priyanka Gandhi) misled not only Madhya Pradesh, but the country on the basis of a fake letter," V. D. Sharma said.

"Congress leadership will have to give an answer on this. We will take legal action in this regard."

# Chief Minister Shivraj Singh Chouhan planted saplings

**Team Absolute** | Bhopal



Chief Minister Shivraj Singh Chouhan planted peepal, neem, mahua and kadamba saplings in the garden located in Shyamala Hills. Chief Minister Chouhan along with Manoj Panjwani, Om Prakash Meena, Anshul Gaur and Sonam Baghel planted saplings on her birthday. The family members Sarvshri Sanjay Singh Baghel, Surya Dev Singh Parihar, Anoop Singh, Ashish Bagri, Surendra Singh Rathore, Saurabh Mittal, Rajiv Jain, Upendra Singh Saurav Meena, Himanshu Gupta, Nandani Meena, Hemlata Panjwani were also present.

## PRESIDENT MURMU ARRIVES IN BHOPAL

**Bhopal :** President Droupadi Murmu arrived in Bhopal on Thursday. The President was accorded a warm and heartfelt welcome at the airport.

Madhya Pradesh Governor Mangubhai Patel, Chief Minister Shivraj Singh Chouhan welcomed the President by presenting a bouquet. Home Minister Dr. Narottam Mishra, Urban Administration and Development and Minister in-charge of Bhopal district Bhupendra Singh, Medical Education Minister Vishwas Sarang, Mayor Malti Rai, Chief Secretary Iqbal Singh Bains, Director General of Police Sudhir Saxena along with senior officers of Army, Administration and police also welcomed the President at the airport on her arrival in Bhopal.

# *Kamal Nath hits back at BJP for questioning his religious belief*

Bhopal: Madhya Pradesh Congress president Kamal Nath on Saturday hit back at the ruling BJP, saying worried of losing the assembly polls, the saffron party has started questioning his "religious belief".

In a series of tweets, Kamal Nath, the former chief minister, posted in Hindi: "Nowadays BJP people are more concerned about my faith and belief. The BJP leaders are coining new words like election worship and political hypocrisy and boast of breaking the spell of my magic, It suggest that nothing comes in the mind and heart of BJP people except me."

"Instead of chanting my name, the government, its representatives and the BJP should chant the name of the people, worship people as in the country, public is 'Janardan'.



"In the interest of the public, the BJP government is requested to break the spell of inflation, unemployment, corruption, 50 per cent commission and crime against women."

Kamal Nath's remarks came days after the state BJP leaders, especially state Home Minister Narottam Mishra and state unit chief V. D. Sharma, launched scathing attack on him, saying that he organised four-day 'Ram Katha' by Bageshwar Dham chief Dhirendra Shastri in Chhindwara last week, due to the upcoming elections.

The saffron party charged that Kamal Nath becomes Hindu before elections.

The BJP leaders alleged that the Congress wanted to cash in on the popularity of the controversial self-styled godman.

Kamal Nath always say he had constructed a hugh size temple of Lord Hanuman in his home district Chhindwara.

# CM CHOUHAN SEEKS BLESSINGS FROM SAINTS IN SAGAR

**Team Absolute** | Bhopal



The Chief Minister Shivraj Singh Chouhan reached the memorial site of Saint Shiromani Guru Dev Shri Ravidas Ji in Badatuma, Sagar, today and honored saints with shawls, shreefal and Safa. The Union Social Justice Minister Dr. Veerendra Kumar and Forest Minister Dr. Kunwar Vijay Shah were present.

The Chief Minister inspected the foundation stone-laying site, observed the temple's model. A temple, art gallery, and memorial will be constructed on an 11-acre land at a cost of 100 crore rupees. it may be recalled that the Chief Minister had announced the construction of a grand temple here in February.

The Chief Minister showered flowers on over 200 saints, presented shawls, safa, and shreefal, and sought their blessings. Saints of the Ravidas tradition expressed gratitude for C.M.'s gesture.

# BJP leader Alok Sharma's controversial statement regarding Muslim voters: You will not vote for us, so don't go to vote

**Team Absolute** | Bhopal



BJP's State Vice President Alok Sharma has given a controversial statement regarding Muslim voters. Addressing the BJP workers conference in Ratlam's Javra, he said that I want to tell the Muslim brothers of Javra, because you will not vote for us, so don't go to cast your vote. Brother, do this much friend, it will be yours as well as ours.

Sharma further said that Mian, you will not vote for us, but you do believe that the house in which you are living is built under the Pradhan Mantri Awas Yojana. After saying this, he also asked to switch off the camera and then started his speech. Addressing the workers, Sharma said that the one who will not support the BJP will have gurgling in his stomach. Everyone started laughing at this statement. He made everyone raise their hands and take a pledge to support the BJP.

# I may not have contested LS polls had Arjun Singh not insisted: Kamal Nath

**Team Absolute** | Bhopal

Madhya Pradesh Congress president Kamal Nath on Saturday said he not had contested the Lok Sabha election had the former chief minister (late) Arjun Singh not insisted him to contest the election.

Kamal Nath said that Arjun Singh told him that he has already spoken to Indira Gandhi and Sanjay Gandhi. "He told me I am not seeking your permission just instructing you to get ready to content Lok Sabha election," Kamal Nath said while launching a book titled 'Vindhya Ki Beti: Muhawaro Se Jhalakti Mamta'. The book is dedicated to Arjun Singh's wife Saroj Singh.

The programme was organised by Arjun Singh Arjun Singh Sadbhavna Foundation at Bhopal's Ravindra Bhavan.

Kamal Nath recalled the political developments occurred during Arjun Singh's era, including the incident when he was appointed the Punjab governor and Motilal Vohra was appointed Madhya Pradesh chief minister.

Kamal Nath also recalled how Arjun Singh's wife Saroj Singh stayed in Chhindwara for three weeks and worked hard to ensure his first Lok Sabha election in 1980.

Kamal Nath has been elected nine times as MP from his home district Chhindwara. His son Nakul Nath is the only MP from Madhya Pradesh.

The book 'Vindhya Ki Beti: Muhawaro Se Jhalakti Mamta' is collection of more than 150 proverbs in Bagheli dialect (Bagheli is local dialect in part of Vindhya region also called Baghelkhand-Rewa, Sidhi, Satna, Shahdol, Singrauli etc.)

Saroj Singh was born in Rewa and lived with her maternal grandmother in Burma. According to her daughter Veena Singh, who is now the head of Arjun Singh Arjun Singh Sadbhavna Foundation, Saroj Singh often used to utter 'Bagheli Muhavras' while speaking to the people at home.

"All the proverbs my mother used to say have been mentioned in the book with detailed meaning and explanation. People talk a lot about my father but my mother has played a prominent role. After coming back from Bruma at the age of six or seven, she lived in Amethi (Uttar Pradesh) to live with her Masi (sister of her mother). I therefore, decided to convert the collection of her proverbs into a book," Veena Singh said.


we win

**WE WIN LIMITED**

**Registered Office**206-207, 2nd Floor, Corporate Zone, C-21 Mall, Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal- 462047
Phone: +91-755-4278897, Email: contact@wewinlimited.com, Web: www.wewinlimited.com
CIN: L74999MP2007PLC019623

**EXTRACT OF STANDALAONE/ CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30th JUNE, 2023**

(Amt. in lakhs)

| Particulars | STANDALONE | | | | CONSOLIDATED | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | For the Quarter ended on | | | For the year ended | For the Quarter ended on | | | For the year ended |
| | 30.06.2023 | 31.03.2023 | 30.06.2022 | 31.03.2023 | 30.06.2023 | 31.03.2023 | 30.06.2022 | 31.03.2023 |
| | (UnAudited) | (Audited) | (UnAudited) | (Audited) | (UnAudited) | (Audited) | (UnAudited) | (Audited) |
| Total Income | 1,406.61 | 1,374.06 | 1,158.79 | 4,910.47 | 1,406.61 | 1,374.06 | 1,158.79 | 4,910.47 |
| Net Profit Before Tax | 88.69 | 120.37 | 104.33 | 341.17 | 88.69 | 120.37 | 104.33 | 341.17 |
| Net Profit After Tax | 65.36 | 87.23 | 77.06 | 240.40 | 65.36 | 87.23 | 77.06 | 240.40 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/Loss for the period (after tax) and Other Comprensive Income (after tax) ] | 91.46 | 91.70 | 84.28 | 260.70 | 90.87 | 91.72 | 83.80 | 260.31 |
| Paid up Equity Share Capital (Face Value of Re.10 Each) | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 | 1,016.10 |
| Reserve (excluding Revaluation Reserves as per balance sheet of previous accounting year) | - | - | - | 1,086.59 | - | - | - | 1,096.28 |
| Earnings per share (before and after extraordinary items) (Face Value of Re.10/Share) | | | | | | | | |
| (a) Basic | 0.90 | 0.90 | 0.83 | 2.57 | 0.89 | 0.90 | 0.83 | 2.57 |
| (b) Diluted | 0.90 | 0.90 | 0.83 | 2.57 | 0.89 | 0.90 | 0.83 | 2.57 |

NOTES:

1. Unaudited financial results for the quarter ended 30th June 2023 reviewed by the Audit Committee were taken on record at the board meeting held on11th August 2023.
2. The Company is primarily engaged in the business of Customer Relationship Management (CRM) Services including Call Centres and support centre services. There are no reportable segments, which singly or in aggregate qualify for separate disclosure as per provision of the relevant Ind AS 108 "Operating Segments".
3. Previous period figures have been regrouped and or reclassified, wherever necessary.
4. The same are available on the website of the Stock Exchange at www.nseindia.com and www.bseindia.com and also on the website of the company at www.wewinlimited.com.

For & on behalf of Board of Directors of
**We Win Limited**
sd/-
**Abhishek Gupta**
DIN: 01260263
Chairman
Place: Bhopal
Date: 11.08.2023